पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल से दिल्ली पब्लिक स्कूल, सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ के विद्यार्थियों ने मुलाकात की

लखनऊः 20 अप्रैल, 2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज राजभवन भ्रमण पर आए दिल्ली पब्लिक स्कूल, सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ के कक्षा 11वीं एवं 12वीं के 30 विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के साथ मुलाकात की। विद्यार्थियों ने राज्यपाल जी से नेतृत्व के विभिन्न पदों पर रहते हुए उनके द्वारा किए गए विविध जनहितकारी कार्यों की जानकारी ली।

इस मौके पर राज्यपाल जी ने राजभवन के नीलकुसुम कक्ष में उनसे भेंट के दौरान विविध चर्चाओं के क्रम में कक्ष में लगे चित्रों की ओर उनका ध्यानाकर्षण कराते हुए उत्तर प्रदेश के मानचित्र में राम–जानकी मार्ग, देश के प्रथम राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री, वर्तमान राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री, देश के प्रधानमंत्रियों, महात्मा गाँधी के चित्रों, जनकक्ष के दीवारों पर प्रदर्शित प्रदेश के राज्यपालों के

चित्रों के अवलोकन हेतु ध्यानाकर्षित कराया। उन्होंने चित्रों में प्रदर्शित महान राजनीतिक व्यक्तित्वों पर विद्यार्थियों से चर्चा की।

मुलाकात के दौरान स्कूल की एक छात्रा द्वारा अपने स्कूल की स्थापना से अब तक के विकास की जानकारी दी गयी जबकि एक अन्य छात्र शिवम ने ''महिला सशक्तिकरण'' पर पुरजोर आवाज उठाती स्वरचित कविता का पाठ राज्यपाल जी के समक्ष किया।

चन्द्र विजय वर्मा
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 9044381834